प्रदेश में 572 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

चर्चा में क्यों

6 जनवरी, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी, अयोध्या और बस्ती में 12981 करोड़ रुपए की लागत वाली 572 किमी. लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कौशांबी में 2659 करोड़ रुपए की लागत वाली 6 एनएच परियोजनाओं और बस्ती में 1,624 करोड़ रुपए की लागत वाली 3 एनएच परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- उन्होंने अयोध्या में 8,698 करोड़ रुपए की लागत वाली 6 एनएच परियोजनाओं की आधारशिला रखी।
- अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग बन जाने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या रिंग रोड बनने से ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो जाएगी।
- एनएच-233 के निर्माण से लुम्बिनी स्थित भगवान बुद्ध की जन्मस्थली वाराणसी और सारनाथ से जुड़ जाएगी
- इससे एक दिन पहले 5 जनवरी को नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश में 26778 करोड़ रुपए की लागत वाली 821 किमी. के राष्ट्रीय राजमार्गों का उद्घाटन और शिलान्यास किया था।
- उन्होंने कानपुर में 14199 करोड़ रुपए की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, लखनऊ में 7409 करोड़ रुपए की 16 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं और प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में 5169 करोड़ रुपए की 4 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया था।
- इन परियोजनाओं से प्रयागराज, चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर धाम जैसे महत्त्वपूर्ण तीर्थ स्थलों को श्री राम वन गमन मार्ग की निर्माण योजना से जोड़ा जाएगा।
- इन परियोजनाओं से कानपुर और आस-पास के क्षेत्रों में चमड़ा, काँच तथा चूड़ी उद्योग के विकास में भी सहायता प्राप्त होगी, साथ ही प्रदेश में निवेश बढ़ाने और औद्योगिक विकास में मदद मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-and-foundation-stone-laying-of-572-km-long-national-highway-projects-in-the-state